// दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 11.12.2025

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 11.12.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के अन्तर्गत क्रीड़ा एवं योग्यता छात्रवृत्ति पारितोषिक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोरक्ष प्रताप सिंह–सदस्य महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद ने सम्बोधित करते हुए कहा कि** आपके अन्दर असीम क्षमता है, उसे पहचानिए और सदैव आगे बढ़िए। आप सभी सौभाग्यशाली हैं जो एक ऐसे स्वप्नद्रष्टा के संस्था में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जो समाज को एक नई दिशा देने हेतु संकल्पित रहे। जीवन में सफलता की एकमात्र कुंजी अनुशासन है। अनुशासित व्यक्ति ही अपने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करते हैं। सभी विद्यार्थियों में कोई न कोई विशिष्ट प्रतिभा होती है, जिसे अनुशासन व परिश्रम द्वारा परिमार्जित किया जा सकता है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के गो रक्षा सेवा प्रमुख श्री अखिलेश जी ने कहा कि आप जीवन में वह सबकुछ कर सकते हैं, जो दूसरे नही ंकर सकें। जीवन में कठिन परिश्रम से अपेक्षित लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

**कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि कोई** देश अपने भूमि से नहीं बल्कि अपने नागरिकों की भूमिका से महान बनता है। मन के हारे हार है और मन के जीते जीत, इसलिए जीवन में आप सभी तकनीकी का प्रयोग करते हुए अपनी क्षमता व कौशल को बढ़ाइये।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ. रामप्रसाद यादव ने किया एवं संचालन डॉ. त्रिभुवन मिश्रा ने किया। इस अवसर पर 75 विद्यार्थियों को योग्यता छात्रवृत्ति तथा 09 विद्यार्थियों को क्रीड़ा छात्रवृत्ति का वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. शुभ्रांशु शेखर सिंह, डॉ. सुनील सिंह, डॉ. अंशुमान सिंह, वरिष्ठ कार्यालय सहायक गोरख प्रसाद, विकास पाठक सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**डॉ.(सुनील कुमार सिंह)**
**सह प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क**